दिन—बुधवार दिनांक— 24/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने जीविका समूह और विभिन्न विभागों के तहत चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों से मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। वहीं, मुख्यमंत्री फैजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में आयोजित एनडीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भी शामिल हुए।

---

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज से पटना के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुरू हो गयी है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के पहले सत्र में देश में किसानों और उद्योगों की स्थिति को लेकर चर्चा की गयी। इसके साथ ही जीएसटी सुधारों को लेकर एक प्रस्ताव रखा गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने अपने उद्घाटन संबोधन में देश में वर्तमान मुद्दों की चर्चा की। इसके साथ ही बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के तैयारी और रणनीति को लेकर भी अपने विचार रखें। कार्य समिति की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आजादी के बाद बिहार में कांग्रेस कार्यसमिति की यह पहली बैठक है। पटना में कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आजादी से पहले उन्नीस सौ बारह, उन्नीस सौ बाईस और उन्नीस सौ चालीस में हो चुकी है।

---

असद्दुदीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम राज्य में चार दिवसीय सीमांचल न्याय यात्रा कर रही है। श्री ओवैसी आज यात्रा में भाग लेने के लिए किशनगंज के कोचाधामन, ठाकुरगंज, बहादुरगंज और किशनगंज विधानसभा क्षेत्रों में अलग—अलग सभाओं को संबोधित करेंगे। इससे पहले, किशनगंज पहुंचने पर संवाददाताओं से

बातचीत में श्री ओवैसी ने कहा कि वे अभी भी महागठबंधन का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के नेताओं को तय करना है कि वो उन्हें साथ लेना चाहते हैं या नहीं।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग बिहार के बारह से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष अभियान चलायेगा। इन क्षेत्रों में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पचास प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि इसके तहत मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप गतिविधियों के साथ ही विशेष अभियान चलाये जायेंगे। जिन क्षेत्रों में यह अभियान चलेगा उसमें पटना का कुम्हरार, बांकीपुर और दीघा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इसके अलावा जमालपुर, आरा, भागलपुर, बिहारशरीफ, मुंगेर, वारिसलीगंज, शाहपुर, अस्थावां और गया शहर में भी यह अभियान चलाया जायेगा।

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी। सबसे अधिक साठ मिलीमीटर वर्षा औरंगाबाद के रफीगंज में रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ कुछ स्थानों पर मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

———————————————————————————————

कला एवं युवा संस्कृति विभाग की ओर से आज पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई प्रतिष्ठित कलाकारों को बिहार कला सम्मान से सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विभागीय मंत्री मोतिलाल प्रसाद ने प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी समेत कई कलाकारों को शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

———————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप

और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।